PRINT

# दैनिक जागरण

| National News Paper | Edition: Ranchi (Jharkhand) | Circulation: 47896 |
|---|---|---|
| Date: 24.07.2026 | Page No 07 | Serial No.: |

# मिट्टी में दबाकर रखा एक हजार टन कोयला जब

D. J. P-04

## सीआइएसएफ व बीसीसीएल प्रबंधन की टीम ने इंडस्ट्री कोलियरी के कुर्मी बस्ती मैदान में की छापेमार

संवाद सहयोगी, जागरण● धनसार : सीआइएसएफ और बीसीसीएल प्रबंधन की संयुक्त टीम ने गुरुवार को इंडस्ट्री कोलियरी के कुर्मी बस्ती स्थित मैदान में छापेमारी कर मिट्टी में दबाकर रखा गया करीब एक हजार टन कोयला बरामद किया। बरामद कोयले की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। जब्त कोयले को स्कैनिया वाहनों के माध्यम से ऐना कोलियरी पहुंचाया जा रहा है।

देर शाम तक कोयला जब्ती और ढुलाई का काम जारी था। क्षेत्र में लंबे समय से अवैध कोयला कारोबार चल रहा था। आरोप है कि खदानों से ट्रकों के माध्यम से कोयला लाकर कुर्मी बस्ती के मैदान में जमा किया जाता था। इसके बाद जेसीबी मशीन की मदद से प्रतिदिन करीब 50 से 100 ट्रकों में कोयला लादकर दूसरे स्थानों पर भेजा जाता था। केंद्र सरकार की ओर से कोयला चोरी और अवैध कारोबार पर सख्ती के निर्देश के बाद सीआइएसएफ ने क्षेत्र में कार्रवाई शुरू की।


- जब्त कोयले को स्कैनिया वाहनों से ऐना कोलियरी पहुंचाया
- देर शाम तक जारी रहा कोयला जब्ती और ढुलाई का काम



मिट्टी में दबाकर रखे कोयले को जेसीबी से बाहर निकलवाती टीम● सौ. बीसीसीएल

### जांच में होगा नेटवर्क का खुलासा

स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार के पीछे बिनोद नामक व्यक्ति का हाथ होने की चर्चा है। हालांकि किसी अधिकारी ने पुष्टि नहीं की है। लोगों ने कहा कि यदि पुलिस जांच शुरू करें तो अवैध कोयला कारोबार में शामिल लोगों का पता चल जाएगा। उनका कहना है कि जांच से अवैध कारोबार के बड़े नेटवर्क का खुलासा भी हो सकता है।



केशलपुर अस्पताल के पीछे छापेमारी करते सीआइएसएफ जवान● जागरण

### बुधवार को बीच में रोक दिया गया था अभियान

बुधवार को भारी संख्या में सीआइएसएफ जवानों ने कुर्मी बस्ती के मैदान में छापेमारी कर मिट्टी में दबाकर रखे गए कोयले को जेसीबी मशीन से बाहर निकालना शुरू किया था। हालांकि कुछ देर बाद किसी अज्ञात आदेश के बाद अभियान अचानक रोक दिया गया और जवान वापस लौट गए। अभियान रोके जाने की सूचना फैलते ही क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। मामला सामने आने के बाद गुरुवार को सीआइएसएफ और बीसीसीएल प्रबंधन ने संयुक्त रूप से दोबारा छापेमारी की। इस दौरान बड़ी मात्रा में कोयला मिट्टी के अंदर दबाकर छिपाया हुआ मिला। टीम ने कोयले को बाहर निकालकर जब्ती की कार्रवाई शुरू की।

### केशलपुर व महेशपुर से भारी मात्रा में अवैध कोयला बरामद

संस, जागरण● कतरास : कतरास क्षेत्र के केशलपुर कोलियरी डिस्पेंसरी के पीछे सीआइएसएफ की क्यूआरटी टीम ने गुरुवार को छापेमारी कर पांच सौ बोरियों में भरकर रखा कोयला बरामद किया। वहीं गोविंदपुर क्षेत्र के महेशपुर कांटाघर के पास असामाजिक तत्वों द्वारा मालगाड़ी से कोयला उतरवाकर रेलवे ट्रैक के पास एकत्रित कर बाइक से बाहर भेजने की तैयारी थी। जब्त कोयले को महेशपुर कोल डंप में जमा करा दिया गया।

### मुचरायडीह जंगल में छापेमारी में 40 टन अवैध कोयला जब्त

संस, जागरण● महुदा: मुचरायडीह जंगल में महुदा सीआइएसएफ एवं महुदा थाने की पुलिस ने छापेमारी कर झाड़ियों में छिपाकर रखा करीब 40 टन अवैध कोयला जब्त कर मुनीडीह कोलियरी प्रबंधन के सौंप दिया। छापेमारी का नेतृत्व सीआइएसएफ के इंस्पेक्टर बीरेंद्र कुमार कर रहे थे। अभियान में पोस्ट कमांडर राकेश राकी सहित सीआइएसएफ एवं पुलिस शामिल थे।